*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 24 मार्च 2024 रविवार

## सम्पादकीय

### पक्ष–विपक्ष और लोकतंत्र

लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव व आरोप–प्रत्यारोप का सिलसिला नया नहीं है। खासकर चुनावी वेला में तो यह स्थिति चरम पर होती है। लेकिन इस टकराव का प्रभाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया के स्वाभाविक प्रभाव को बाधित करने वाला नहीं होनी चाहिए। युद्ध की तरह से राजनीति के भी अपने नियम होते हैं और मुकाबले के लिये बराबर का अवसर भी उपलब्ध कराया जाना चाहिए। साथ ही यह जरूरी है कि सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध को दूर करने के लिये संवाद की प्रक्रिया भी निरंतर चलती रहनी चाहिए, ताकि अनावश्यक गतिरोध को टाला जा सके। बीते गुरुवार को देश के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी की ओर से आयोजित प्रेस वार्ता में आरोप लगाए गए कि खाते फ्रीज करके पार्टी को आर्थिक रूप से पंगु बनाने की कोशिश सत्ता पक्ष की ओर से की जा रही है। यूं तो कांग्रेस पिछले पांच वर्षों में लगातार सत्ता पक्ष की रीतियों–नीतियों पर हमलावर रही है, लेकिन फिलहाल कांग्रेस द्वारा लगाए आरोपों की गंभीरता पर भी विचार किया जाना चाहिए। वैसे भी किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनावी प्रक्रिया को सुचारू और विश्वसनीय बनाने के लिये विपक्षी दलों को मुकाबले का बराबर अवसर तो मिलना ही चाहिए। निश्चित रूप से इससे चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता व प्रामाणिकता को संबल मिलता है। कांग्रेस का आरोप है कि मुख्य विपक्षी पार्टी को आयकर विभाग की कार्रवाई से वित्तीय संकट की ओर धकेला जा रहा है। हालांकि, कांग्रेस पार्टी की मुद्दे को लेकर गंभीरता इस बात से भी उजागर होती है कि हाल–फिलहाल यह पहला अवसर है कि पार्टी के तीन शीर्ष नेता कांग्रेस के वर्तमान अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी व राहुल गांधी एक साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में नजर आए। विशेष तौर पर ऐसी स्थिति में जब देश में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद चुनावी प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है कांग्रेस के आक्षेप को गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

निश्चित रूप से किसी भी लोकतंत्र की खूबसूरती इस बात में है कि सत्ता पक्ष विपक्षी राजनीतिक दलों को बराबर का मौका उपलब्ध कराये, जिससे चुनावी मुकाबला न्यायसंगत बना रह सके। यदि मुख्य विपक्षी दल यह आरोप लगाए कि ऐन चुनाव के वक्त पार्टी के खाते फ्रीज करके उसके चुनाव लड़ने और प्रचार करने में बाधा उत्पन्न हुई तो यह स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिये अच्छा नहीं है। निश्चित रूप से कांग्रेस के आरोपों की स्वतंत्र जांच की जानी चाहिए। पार्टी का कहना है कि खाते फ्रीज होने से पार्टी के समक्ष उत्पन्न आर्थिक तंगी से पार्टी न विज्ञापन दे सकती है और न ही अपने नेताओं के लिये हवाई टिकट बुक करा पा रही है। उसका यह भी कहना है कि उसे रैली आयोजित करवाने में परेशानी हो रही है। हालांकि, कांग्रेस के आरोपों से इतर सरकार व आयकर विभाग के अधिकारियों की अपनी दलीलें हैं। उल्लेखनीय है कि गत 13 मार्च को दिल्ली हाईकोर्ट ने आईटीएटी के उस आदेश को बरकरार रखा था, जिसमें सौ करोड़ से अधिक के बकाया कर की वसूली के लिये कांग्रेस पार्टी को आयकर विभाग से जारी नोटिस पर रोक लगाने से इनकार कर दिया गया था। हालांकि, हाईकोर्ट ने पार्टी को तब नये स्थगन आवेदन के साथ आईटीएटी का रुख करने की स्वतंत्रता दी थी। ऐसे में इस मुद्दे पर अंतिम राय बनाने से पहले सभी पक्षों के तर्कों पर विचार भी जरूरी है। सत्तारूढ़ दल के प्रवक्ता ने इन आरोपों को पार्टी की हताशा का परिणाम बताया है। यह भी कि कांग्रेस के आरोपों से भारतीय लोकतंत्र की छवि पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। लेकिन इसके बावजूद यह तथ्य निर्विवाद है कि किसी भी लोकतंत्र में स्वतंत्र चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले कारकों को अनुचित ही कहा जाएगा। इससे चुनावों की पारदर्शिता व विश्वसनीयता पर आंच आ सकती है। विपक्षी दलों के इन आरोपों को भी बल नहीं मिलना चाहिए कि सरकार विपक्ष को दबाने के लिये सरकारी एजेंसियों व विभागों का इस्तेमाल कर रही है। निश्चित रूप से ऐसे आरोपों से दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को लेकर अच्छा संदेश नहीं जाएगा।

# यूपी के सात चरणों का चुनावी चक्रव्यूह



–अजय कुमार–




उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों को लेकर पूरे देश मे कौतुहल दिखाई दे रहा है। लोकसभा सीटों के हिसाब से सबसे बड़े राज्य यूपी में मुकाबला त्रिकोणीय होता नजर आ रहा है। त्रिकोणीय मुकाबले में एक तरफ एनडीए के तले मोदी की 'सेना' जीत की हुंकार भर रही है तो दूसरी ओर राहुल गांधी के अगुवाई में 'इंडी' गठबंधन ताल ठोक रहा है। दोनों गठबंधनों में बस फर्क इतना है कि जहां एनडीए की ओर से मोदी पुनः प्रधानमंत्री पद के दावेदार हैं, वहीं इंडी गठबंधन ने कौन होगा पीएम पर पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन लगता यही है कि यदि इंडी गठबंधन के लिये सत्ता की राह बनी तो राहुल गांधी प्रधानमंत्री पद के सबसे बड़े दावेदार होंगे। खैर, अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचना सही नहीं है। कौन होगा अगल प्रधानमंत्री ? यह सात चरणों के मतदान के बाद 04 जून को पता चलेगा, जब वोटों की काउंटिंग होगी। इसी लिये फिलहाल तो सात चरणों के चक्रव्यूह को भेदने के लिये ही सभी पार्टियो मैदान में ताल ठोंक रही हैं। 19 और 26 अप्रैल को प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण का मतदान होगा। इन दोनों चरणो में पश्चिमी यूपी की 16 सीटों पर वोटिंग होगी। प्रथम चरण और दूसरे चरण के मतदान में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की क्रमशः आठ–आठ सीटों के उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। 07 मई को भी तीसरे चरण में दस सीटों पर मतदान होगा इसमें भी दस में से पश्चिमी यूपी की चार सीटें शामिल होंगी। इसके बाद 13 मई को चौथे, 20 मई को पांचवें, 25 मई को छठे और 01 जून को सातवें चरण का मतदान होना होगा। शुरू के तीन चरणों में जो राजनैतिक जंग पश्चिमी यूपी से शुरू होगी वह चौथे और पांचवे चरण में रूहेलखंड, अवध की सीटों पर तो छठे और सातवें चरण में पूर्वांचल में पहुंच कर समाप्त हो जायेगी। चार जून को नतीजे आयेंगे।

2024 लोकसभा चुनावों की शुरुआत पश्चिमी यूपी की आठ लोकसभा सीटों पर से होगा। पहले चरण में चुनाव के लिए आठ सीटों में से, भाजपा ने 2014 के चुनावों में सभी सीटें जीती थीं। 2014 में पार्टी ने अकेले प्रदेश भर में 71 सीटें जीतीं थीं। जबकि एनडीए गठबंधन के पास कुल 73 सीटें थीं। 2019 के चुनाव में इन सीटों पर सपा–रालोद और बसपा गठबंधन के खिलाफ लड़ाई में बीजेपी का प्रदर्शन खराब रहा। उन्होंने 8 में से केवल तीन सीटें जीतीं। ऐसे में सपा और बसपा को पूर्वांचल में कई सीटें मिलीं, जबकि बीजेपी को पूरे प्रदेश में सिर्फ 62 सीटें मिलीं थीं।

2024 का चुनाव संग्राम भी फिर पश्चिम यूपी से शुरू होगा। शुरुआत में पश्चिमी यूपी की 8 लोकसभा सीटों पर चुनाव होंगे। पिछले लोकसभा चुनाव के बाद से यहां के राजनीतिक हालात में काफी बदलाव आया है, जिसका असर चुनाव में दिख रहा है। यह चुनाव क्षेत्र में एक प्रमुख व्यक्ति रालोद नेता जयंत चौधरी की स्थिति भी तय करेगा। केंद्रीय मंत्री संजय बालियान की हैट्रिक कोशिशों की परीक्षा होगी। यह चुनाव तय करेगा कि बीजेपी नेता वरुण गांधी का राजनीतिक भविष्य क्या होगा। यह चुनाव यह भी तय करेगा कि नखतौर विधायक ओम कुमार संसद में जा सकेंगे या नहीं। यह क्षेत्र किसान और जाट नेता अजीत सिंह के प्रभाव वाला माना जाता है। चाहे आप जीतें या हारें, जीतने वाला पक्ष हमेशा सोचता है कि उसका पलड़ा भारी है। अजीत को अपनी बदनामी की भारी राजनीतिक कीमत भी चुकानी पड़ी। यह चुनाव अजीत सिंह के बिना होगा। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की ओर से जयंत चौधरी को अजीत का उत्तराधिकारी बनाने की कोशिशें अंत तक जारी रहीं। आखिघ्रकार पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने की सत्ताधारी पार्टी की चाल सफल रही। पिछले चुनाव में जयंत जाट दलित मुस्लिम गठबंधन छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए थे। यह चुनाव तय करेगा कि जयंत का फैसला कितना सही है।

2019 का लोकसभा चुनाव में जो सपा,बसपा और रालोद एक गठबंधन का हिस्सा थे,वह बिखर चुके हैं। बसपा अकेली चुनाव लड़ रही है तो रालोद ने बीजेपी का दामन थाम लिया है। इस बार पहले चरण की आठ सीटों में से चार पर सपा, तीन पर बसपा और एक पर रालोद को संघर्ष करना पड़ा। बसपा ने अपने हिस्से की तीनों सीटें (सहारनपुर, बिजनौर और नगीना) जीत लीं। सपा ने चार में से दो सीटें (मुरादाबाद और रामपुर) जीतीं। आरएलडी का खाता नहीं खुल सका। बीजेपी ने कैराना, मुजफ्फरनगर और पीलीभीत में सीटें जीती थीं।

बात आजम की चर्चा के बिना पूरी नहीं हो सकती है। प्रथम चरण में ही रामपुर की संसदीय सीट के लिये मुकाबला होना है। 2019 और उसके पहले के चुनाव में कभी समाजवादी पार्टी का मुस्लिम चेहरा माने जाने वाले आजम खान की रामपुर समेत कई सीटों पर जीत तय रहती थी। पिछले पांच वर्षों में कई उतार–चढ़ाव से गुजरने के बाद, आजम खान को जेल हुई, दोषी पाया गया और विधायक के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया। उपचुनाव हुआ जिसमें बीजेपी के घनश्याम लोधी सांसद बने। इस बार भी रामपुर में जेल में बंद आजम के कहने पर ही सपा चल रही है, अब नतीजे बतायेंगे क्या आजम अभी भी यहां ताकतवर हैं या फिर आजम को वोटर साइड लाइन कर चुके हैं। पहले चरण में ही बिजनौर में भी चुनाव होगा। एसपी– बीएसपी– आरएलडी गठबंधन में 2019 में बिजनौर की एक सीट बीएसपी के खाते में थी और उसके उम्मीदवार मुल्क नागर ने चुनाव जीता था। इस बार अपने चुनाव प्रचार को तेज करने के लिए रालोद ने चंदन चौहान और सपा ने यशवीर सिंह को मैदान में उतारा है। इस बार 2019 में तीनों मित्र दलों के उम्मीदवार अलग–अलग एक–दूसरे से मुकाबला करेंगे।


पश्चिमी यूपी की एक और चर्चित सीट मुजफ्फरनगर भी सुखियों में है।यहां भी 19 अप्रैल को मतदान होगा। 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां से केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान और आरएलडी प्रमुख अजीत सिंह एक–दूसरे पर नजरें गड़ाए हुए थे। बालियान लगातार दूसरी बार जीते। अजीत सिंह अब नहीं रहे और बदली हुई परिस्थितियों में आरएलडी और बीजेपी एक साथ हैं। ऐसे में रालोद भी इस बार बलियान में अपनी ताकत लगाएगी। सपा ने पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक को अपना उम्मीदवार बनाया है।

पिछले चुनाव में बसपा ने महागठबंधन के जरिए सहारनपुर सीट जीती थी। बसपा के हाजी फजलुर्रहमान ने भाजपा के राघव लखनपाल को हराकर चुनाव जीता। इस बार सपा–कांग्रेस गठबंधन में यह सीट कांग्रेस के खाते में चली गई हैं। इसी प्रकार से कैराना की सीट भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। यहां से कभी बीजेपी के दिग्गज नेता हुकुम सिंह चुनाव लड़ा करते थे। उनकी मौत के बाद 2019 के चुनाव में बीजेपी के प्रदीप कुमार चौधरी ने एसपी की तबस्सुम बेगम को हराकर जीत हासिल की। इस चुनाव में सपा ने पूर्व सांसद मनूर हसन की बेटी इकरा हसन और तबसेम बेगम को अपना उम्मीदवार बनाया है। इकरा के छोटे भाई नाहिद हसन विधायक हैं। इसी तरह से नगीना संसदीय सीट पर पिछले चुनाव में बसपा के गिरीश चंद्र ने महागठबंधन से जीत हासिल की और सांसद बने। इस बार एसपी ने रिटायर जज मनोज कुमार को मैदान में उतारा है, जबकि बीजेपी ने नहटूर से विधायक ओम कुमार को मैदान में उतारा है। इस बार दोनों पार्टियों के नए उम्मीदवार एक दूसरे को टक्कर दे रहे हैं। पीतलनगरी मुरादाबाद में सपा के हसन ने बीजेपी के कंवर सोरौश कुमार को हराकर चुनाव जीता। एसपी–कांग्रेस गठबंधन में यह सीट एसपी के हिस्से में है और बीजेपी–आरएलडी गठबंधन में यह सीट बीजेपी के हिस्से में है। यहां समाजवादी पार्टी को हराना बीजेपी के लिये आसान नहीं होगा। प्रथम चरण की एक और पीलीभीत लोकसभा सीट से पिछला चुनाव बीजेपी के वरुण गांधी ने जीता था, लेकिन कुछ दिनों बाद उनका रवैया बदल गया। अक्सर देखा गया कि वे सरकार को खुद को कटघरे में खड़ा करके सवाल उठाते थे। अबकी से यहां लड़ाई काफी रोचक होती दिख रही है।

# आचार संहिता के दौरान पीएम की भूटान यात्रा

–अभिनव आकाश–

लोकतंत्र के महापर्व यानी चुनाव का बिगुल बज चुका है। चुनाव आयोग की तारीखों के ऐलान के साथ ही आदर्श आचार संहिता भी लागू हो चुका है। राजनीतिक दलों की ओर से प्रचार–प्रसार भी जमकर हो रहा है। रोड शो, जनसभा, रैलियां, जुबानी बयानबाजी का शोर चारो ओर मचा है। लेकिन बीजेपी के लीड कैंपेनर जो वर्तमान में देश के प्रधानमंत्री भी हैं, मोदी जी वो इस चुनावी रणभेरी में देश से बाहर हैं। कहां– जवाब है दिल्ली से 1900 किलोमीटर दूर पड़ोसी देश भूटान में। कहा जा रहा है कि आचार संहिता के दौरान विदेश यात्रा करने वाले पहले प्रधानमंत्री बन गए हैं। वहां उन्हें भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से भी सम्मातित किया गया है। भूटान पहुंचने पर पीएम मोदी का ऐसा ग्रैंड वेलकम हुआ जो इससे पहले शायद ही किसी प्रधानमंत्री का हुआ हो। प्रधानमंत्री के तौर पर पीएम मोदी का ये तीसरा भूटान दौरा है। पहला दौरा 2014 में हुआ था जब पीएम बनने के बाद पहले विदेश दौरे पर वो भूटान गए थे। दूसरा दौरा 2019 और तीसरा पांच साल के अंतराल पर अब हुआ। ये दौरा टाइमिंग के लिहाज से भी खास है। इस वक्त भारत और चीन के बीच सीमा को लेकर तनाव बना हुआ है। इसकी एक कड़ी भूटान से भी जुड़ी हुई है। इसलिए हमने सोचा कि क्यों न आज भारत–भूटान के संबंधों का एमआरआई स्कैन किया जाए। आपको ये बताया जाए कि महज साढ़े सात लाख की आबादी वाला ये मुल्क भारत के सामरिक हितों के लिए कितना अहम है। इसके साथ ही इसके चीन फैक्टर पर भी विस्तार से बात करेंगे।



हिमालय की गोद में बसे छोटे से पर्वतीय देश भूटान जिसका 70 फीसदी इलाका जंगलों से दका है। इसकी आबो–हवा जिसकी वजह से खूब साफ रहा करती है। स्थानीय लोग भूटान को द्रयूक्योल के नाम से भी जानते हैं। इसका मतलब है थंडर ड्रैगन की भूमि। हिमालय की चोटियों से घाटियों में आने वाले जंगली तूफानों का संदर्भ है। इसकी सीमा दो देशों भारत और चीन से लगती है। भारत के चार राज्यों अरुणाचल प्रदेश, असम, पश्चिम बंगाल और सिक्कम की सीमा भूटान से लगती है। भूटान की आबादी लगभग 8 लाख है। 83 फीसदी लोग भूटान को बौद्ध धर्म को मानते हैं और 11 फीसदी हिंदू है। भूटान में इंसानी सभ्यता के निशान लगभग चार हजार बरस पुराने हैं। हालांकि ये सदियों तक अलग थलग रहा। बाहरी दखल का इतिहासिक रिकॉर्ज 747 ई. का है। गुरु पद्मसंभव तिब्बत से भूटान आए। भूटान में उन्हें ईश्वर का दर्जा मिला है। वो अपने साथ बौद्ध धर्म लेकर आए थे। मान्यता है कि पद्मसंभव बाघ पर सवार होकर भूटान पहुंचे थे।

भूटान पर अपने उत्तरी पड़ोसी से जो दवाव पड़ता है, उसके बारे में भारत को जानकारी है। जोर–जबरदस्ती, परोक्ष धमकियों, पाखंड और क्षेत्रीय विस्तारवाद के आधार पर चल रहे रिश्तों की यह वास्तविकता है। यह बड़े रणनीतिक खेल में कमजोर छोटे देशों के शोषण की वही पुरानी कहानी है। तिब्बत के साथ जो हुआ, उसे लेकर भूटान पूरी तरह सचेत है।

पिछले कुछ समय से भूटान और चीन अपने बॉर्डर मुद्दे को 3 स्टेप रोड मैप के जरिए सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं। इन दोनों देशों के बीच सीमा विवाद का मामला भारत के लिए रणनीतिक नजरिए से बेहद अहम है। भूटान और चीन के बीच डोकलाम पर नियंत्रण एक अहम मामला है। डोकलाम पठार भारत और भूटान की सीमा पर है और इस त्रिकोण का जुड़ाव भारत के सिलिगुड़ी कॉरिडोर से है। अगर यहां चीन का नियंत्रण होता है तो रणनीतिक तौर पर अहम चिकन नेक कॉरिडोर तक चीन की निगरानी हो जाएगी। लिहाजा श्भारत के लिए यह बेहद अहम है। पिछले साल अप्रैल में विदेश सचिव से डोकलाम को लेकर एक सवाल पूछा गया था जिस पर उन्होंने कहा था कि इस मसले पर भारत और भूटान इस मामले पर संपर्क में बने हुए है।

भूटान का भरोसा जीता

भारत ने इसमें अपनी भूमिका भी निभाई है। उसने सहयोगी के रूप में इसके लिए माकूल माहौल मुहैया कराया है। इससे भूटान को ऐतिहासिक, भौगोलिक और सांस्कृतिक वास्तविकताओं के साथ अपनी प्रतिभा और कंफर्ट लेवल हासिल करने के लिए समय मिला है। भारत ने नए भूटान की वास्तविकता और उसके लोकतांत्रिक संवैधानिक राजतंत्र में परिवर्तन को स्वीकार करते हुए 1949 की संधि पर फिर से वातचीत की। इसने भूटान में भरोसा जगाया कि वह अपनी अर्थव्यवस्था को भारत के साथ जोड़े रखे और इन त्रिगेट करे।

पीएम मोदी और भूटान के पीएम शेरिंग टोवगे के बीच रिन्यूएबल एनर्जी, एग्रीकल्चर, यूथ एक्सचेंज, पर्यावरण और टूरिजम जैसे कई क्षेत्रों में सहयोग को लेकर सहमति बनी। साथ ही ट्रेड, डिजिटल कनेक्टिविटी, स्पेस और यूथ कनेक्ट के मामलों को लेकर करार हुए। दोनों देशों के साझा वयान के मुताविक, दोनों पक्ष भारत और भूटान के बीच रेल कनेक्टिविटी को लेकर सहमत हैं और ओएमयू पर हस्ताक्षर कर चुके हैं। भारत और भूटान के बीच कोकराझार–गेलेफू रेल और वनारहाट– समत्से रेल पर काम होना है।

भूटान में चीन की बढ़ती मौजूदगी भारत के लिए चिंता का विषय है। नई दिल्ली अपने दोनों पड़ोसियों के बीच सीमा निर्धारण को लेकर होने वाली बातचीत पर करीब से नजर रख रही है। पिछली भूटानी सरकार के तहत चीन के साथ थिम्पू की सीमा चर्चा में काफी प्रगति देखी गई, जिससे भारत सतर्क हो गया। नई दिल्ली चिंतित है कि थिम्पू और बीजिंग के बीच एक समझौते में उत्तर में विवादित क्षेत्रों के लिए भारत, भूटान और चीन के बीच त्रिकोणीय जंक्शन के करीब स्थित डोकलाम की अदला–बदली शामिल हो सकती है। भारत डोकलाम पठार को भूटान का निर्विवाद क्षेत्र मानता है, जबकि बीजिंग इसे अपनी चुम्बी घाटी का विस्तार मानता है, जो सिक्किम और भूटान के बीच स्थित है। यह पठार रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सिलीगुड़ी कॉरिडोर के करीब है, जो भारतीय मुख्य भूमि को पूर्वोत्तर से जोड़ता है। यह गलियारा भारत को तिब्बत, नेपाल, भूटान और बांग्लादेश से भी जोड़ता है। पिछले साल, भूटान और चीन ने दोनों देशों के बीच सीमा के ष्परिसीमन और सीमांकनष पर एक संयुक्त तकनीकी टीम के लिए 'सहयोग समझौते' पर हस्ताक्षर किए थे। चीन और भूटान के बीच किसी भी सौदे का भारत पर सुरक्षा संबंधी प्रभाव पड़ेगा। चीन भूटान के साथ औपचारिक राजनयिक संबंध स्थापित करने के लिए भी उत्सुक है। इस पृष्ठभूमि के बीच, दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच बैक–टू–बैक यात्राएं भूटान और भारत के बीच मजबूत संबंधों का संकेत देती हैं।

# उमंग का पर्व होली



-चन्द्रमोहन लाल श्रीवास्तव-

सनातन धर्म उत्सवधर्मी, प्रामाणिक तथा पूर्णतावादी धर्म है। जिसकी शास्त्रीयव्यवस्था अन्य मजहबों से अब पूरी तरह से अलग होकर विज्ञान सम्मत उत्सवधर्मीत्यवस्था है। जिस पर पाश्चात्तादेशो में गंभीर अध्ययन तथा शोधकार्य चल रहा है। अभीतक प्रकाशित हुए परिणामों ने पाश्चातर देशों की तरफ से सनातन धर्म तथा भारतीय जीवन दर्शन का ही डंके की चोट पर खुलकर महिमागान किया है। इसीकड़ी में महाशिवरात्रि के बाद रंगोत्सव पर्व होली पूरे देश में 25 मार्च दिन सोमवार को और कुछ स्थानों पर मंगलवार को शास्त्र सम्मतविधि से हर्षोल्लास के साथ मनायी जायेगी। होली शास्त्रीय मतानुसार शूद्रसमाज का पर्व माना जाता है। यह रंगबिरंगापर्व मूल रूप से तांत्रिक साधना का पर्व है। होलिका की पवित्र अग्नि में समस्त नकारात्मकशक्तियो का बाली तथा उबटन के माध्यम से जलाकर होलिका भस्म को होली पर आस्था के साथ प्रसादस्वरूप पूरे शरीर में लगाया जाता है। शीतकाल के अवसान के समय वायुमण्डल के जीवाणु होलिका दहन में जलकर राख हो जाते है। तथा ग्रीष्मकाल के स्वागत में पूराविश्व नई उर्जा के साथ अपने मानवीय क्रियाकलापों में व्यस्त हो जाता है। स्वस्थमाहौल में होली पर्व पर होलिका यक्षिणी साधना, गुप्तसाधनात्मक प्रयोग तथा भगवाननरसिंह की आराधना इस दौरान की जाती है। इस वर्ष 24 मार्च को रात 11 बजकर उसके असरी दिन 24 मिनट के बाद शास्त्र सम्मत होलिका दहन पर्व है। उसके अगले दिन 25 मार्च सन् 2024 ई. दिन सोमवार को पूरे देश में होली मनाने का शास्त्र सम्मत तिथि है। इस वर्ष 24 मार्च को पूर्णिमातिथि दिन में 10 बजकर 23 मिनट पर लग रही है और 25 मार्च को दिन में 12 बजकर 22 मिनट पर समाप्त हो रही है। तारीख 24 मार्च को प्रदोषकाल में भद्रा रात में 11 बजकर 24 मिनट तक है। अतः ऐसी अवस्था में भद्रा समाप्त होने के बाद अर्थात रात में 12 बजकर 24 मिनट के बाद ही होलिकादहन होगा। यदिफाल्गुन मास की उदया पूर्णिमा के दिन प्रदोषकाल में होलिका दहन होता है तो चौत्र कृष्णप्रतिपदा को रंग की होली होती। परन्तु यदिचतुर्दशी युक्त पूर्णिमा को होलिका दहन भद्रोपरान्त हो तो ऐसे में शास्त्रीयमत से पूरे भारत में रंग की होली अगले दिन उदयापूर्णिमा को होगी। जो कि इसवर्ष तारीख 25 मार्च सन 2024 दिन सोमवार को है। कुछ स्थानों पर मंगलवार को भी मनायी जायेगी।

होलिका दहन यानी होली से जुड़ी कुछ पौराणिक कथाएं और मान्यताएं भी हैं। हालांकि ज्यादातर लोगों को होलिका और प्रहल्लाद वाली कहानी पता है, लेकिन इसके अलावा शिवजी–कामदेव और राजा रघु से जुड़ी मान्यताएं भी हैं जो होलिका दहन से जुड़ी हैं। होलिका दहन से जुड़ी ये कथाएं और मान्यताएं हमें बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देती है। वहीं इनसे समानता और एकता की शिक्षा भी मिलती है।

हिरण्यकश्यपु राक्षसों का राजा था। उसका पुत्र प्रह्लाद, भगवान विष्णु का परम भक्त था। राजा हिरण्यकश्यपु भगवान विष्णु को अपना शत्रु मानता था। जब उसे पता चला कि प्रह्लाद विष्णु भक्त है, तो उसने प्रह्लाद को रोकने की कोशिश की, लेकिन प्रह्लाद के न मानने पर हिरण्यकश्यपु प्रह्लाद को यातनाएं देने लगा। हिरण्यकश्यपु ने प्रह्लाद को पहाड़ से नीचे गिराया, हाथी के पैरों से कुचलने की कोशिश की, लेकिन भगवान विष्णु की कृपा से प्रह्लाद बच गया। हिरण्यकश्यपु की होलिका नाम की एक बहन थी। उसे वरदान था कि वह अग्नि में नहीं जलेगी। हिरण्यकश्यपु के कहने पर होलिका प्रह्लाद को मारने के लिए अपनी गोद में बैठाकर आग में प्रवेश कर कई। किंतु भगवान विष्णु की कृपा से तब भी भक्त प्रह्लाद बच गया और होलिका जल गई। तभी से बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में होलिका दहन होने लगा और ये त्योहार मनाया जाने लगा।

# प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी की हत्या, लड़की के घरवालों ने झगड़े के बाद चाकू से ताबड़तोड़ वार किए, गर्लफ्रेंड की शादी तय हो गई थी



**संवाददाता–अम्बेडकरनगर।** जिले में एक दर्दनाक घटना हुई है, यहां एक युवक अपने बुआ की लड़की की ननद से प्यार करता था। इस बीच उसकी शादी कहीं और तय हो जाने से युवक उसके घर पहुंच गया। इस दौरान दोनो पक्षों में विवाद इस कदर बढ़ा की बहनोई की घर वालों ने युवक पर ताबड़तोड़ चाकुओं से कई वार कर दिए। घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे युवक के परिजन उसको लेकर अस्पताल दौड़े जहां उसकी मृत्यु हो गई। अंबेडकरनगर में एक दिल दहलाने वाली घटना हुई है। यहां प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। प्रेमिका की शादी तय हो गई थी। जिससे वह नाराज चल रहा था। शुक्रवार देर शाम प्रेमी उसके घर पहुंच गया।यहां उसका लड़की के घरवालों से झगड़ा हो गया।

विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट शुरू हो गई। इसी बीच लड़की के घरवालों ने लड़के पर चाकू से वार कर दिया। शोर सुनकर आस–पास के लोग मौके पर पहुंचे।पुलिस को बुलाया। फिर प्रेमी को अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। लड़की मौत की सूचना पर घरवाले आ गए।

उन्होंने हत्या प्रेमिका के परिजनों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया।पुलिस ने घरवालों को शांत कराया। फिर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। तनाव को देखते हुए गांव में पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है। मृतक लड़के का नाम अमित (29) था। वह जलालपुर थाना इलाके के पक्खरपुर गांव का रहने वाला था। वह सम्मनपुर थाना के मेवड़िया निवासी बहन की ननद प्रियंका से प्रेम करता था।

उससे शादी करना चाहता था, मगर लड़की के घरवाले इस रिश्ते के लिए तैयार नहीं थे। उन्होंने लड़की की शादी किसी और से तय कर दी थी।इसके चलते अमित परेशान रहता था। शुक्रवार देर शाम अमित उसके घर मेवड़िया पहुंच गया। यहां युवक और लड़की के परिजनों के बीच विवाद हो गया।

इस दौरान लड़की के घरवालों ने अमित पर चाकू से वार कर दिया। वह लहूलुहान होकर मौके पर गिरा गया। शोर सुनकर आस–पास के लोग मौके पर पहुंचे।पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और अमित को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गई। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।सूचना पर अमित के घरवाले भी पहुंच गए। उन्होंने हंगामा करना शुरू कर दिया। पुलिसकर्मियों ने लड़के के घरवालों ने कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया।

मृतक के छोटे भाई अजित ने बताया की मेरे भाई अमित को मारकर फेंक दिया गया। मुझे एक जानने वाले ने फोन कर बताया कि तुम्हारे भाई को यहां चाकू मारा गया है। सूचना मिलते ही हम मौके पर आए। पुलिस गाड़ी से मेरे भाई को जिला अस्पताल लाया गया।

यहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। संदीप मेरी बुआ का दामाद है। वही आया और अमित को घर से लेकर गया। जब हमने अमित को कॉल की, तो उसका फोन नहीं लगा। लड़की के भाई, मां और लड़की ने घटना का अंजाम दिया है।

एसपी डॉ कौस्तुभ ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक घायल अवस्था में है। सूचना पर पुलिस युवक को इलाज के लिए अस्पताल ले गई, जहां उसकी मौत हो गई।मृतक के परिजनों की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# नौनिहालों के भविष्य की मजबूत नींव तैयार करेगा बचपन प्ले वे कान्वेंट स्कूल



**संवाददाता–गोरखपुर।** विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण के लिए स्कूल मजबूत नीव बनाने का काम करते हैं। यह तब और महत्वपूर्ण हो जाता है जब घर से उनका पहला कदम बाहर निकलता है, ऐसे में प्ले वे स्कूलों की महत्वता बड़ी महत्वपूर्ण होती है। इसी कड़ी में महानगर में बचपन प्ले वे की नई ब्रांच का उद्घाटन किया गया है जहां मासूमों को अनुकूल माहौल देकर उन्हें आगे की सीढ़ियों पर मजबूती से चढ़ने के लिए बनाया जाएगा। शनिवार 23 मार्च को महानगर के गोरखनाथ क्षेत्र स्थित ,राजेंद्र नगर मोहल्ले में बचपन प्ले वे कॉन्वेंट स्कूल की नवीन शाखा का उद्घाटन सहजनवा के विधायक प्रदीप शुक्ला द्वारा किया गया। विद्यालय की भौगोलिक एवं शैक्षणिक संरचना को देखकर विधायक ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आज के सूचना प्रौद्योगिकी के इस समय में छोटे बच्चों की मजबूत नीव तैयार करने में यह विद्यालय मिल का पत्थर साबित होगा। संस्था द्वारा किया जा रहा प्रयास सराहनीय है। बतौर विशिष्ट अतिथि संबोधित करते हुऐ भाजपा क्षेत्रीय विभाग सह संयोजक डा विजय रंजन ने कहा की इस संस्था ने अपनें प्रयासों से कम समय में ही अत्यंत लोकप्रियता अर्जित की है, छोटे बच्चों को सम्पूर्ण तरीके से शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से मजबूती प्रदान कर उन्हे आगे बढ़ाने में बचपन समूह का प्रयास सराहनीय रहा है।

अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रबंधन समिति के सदस्य शिवम पांडेय ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी त्रिपुरारी शरण मिश्रा,आनंद तिवारी, स्वयं प्रकाश दूबे, विश्वाश तिवारी, क्षेत्रीय सह मीडिया प्रभारी भाजपा गोरखपुर क्षेत्र राहुल तिवारी, इंजीनियर विवेक पाल सिंह , भाजपा नेता अनिल पांडेय, इंद्राशन निषाद, सत्य प्रकाश सिंह,बैंक प्रबंधक मनीष शुक्ला, राहुल सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता प्राण तिवारी, दीपक धर दूबे, मुकुंद पांडे , महानगर के प्रमुख व्यवसायी पुनीत त्रिपाठी , माधव मोदी, राजेश पाण्डेय, भास्कर पांडेय, सहित सैकड़ो की संख्या में अभिभावक गण एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहें।

# शास्त्रीनगर में ध्वस्त होंगी जीडीए की दुकानें, कॉम्प्लेक्स बनेगा

**संवाददाता–गोरखपुर।** गोरखपुर विकास प्राधिकरण की शास्त्रीनगर में निर्मित सभी 50 दुकानें ध्वस्त होंगी। इन जर्जर पड़ी दुकानों से प्राधिकरण को कोई आय नहीं हो रही बल्कि हादसे की आशंका भी बना रहती है। हालांकि इन दुकानों में 02 आवंटित हैं, ध्वस्तीकरण के पूर्व उनके आवंटियों का समायोजन होगा। प्राधिकरण की योजना इस जमीन पर कामर्शियल एवं आवासीय कॉम्प्लेक्स बनाने की है।

शास्त्रीनगर में जीडीए ने 1988 में 1500 वर्ग मीटर जमीन में 50 की संख्या में दुकानों का निर्माण किया था। प्राधिकरण उपाध्यक्ष आनंद वर्द्धन ने गत दिवस निरीक्षण के दौरान इन दुकानों की जर्जर हालत देखते हुए सभी को ध्वस्त करने के निर्देश दिया। साथ ही इस जमीपर पर कामर्शियल एवं आवासीय काम्प्लेक्स के निर्माण के निर्देश दिया। इसमें नीचे के फ्लोर पर दुकानें और ऊपर आवास बनाए जाएंगे।

बीआरडी मेडिकल कालेज रोड पर डॉ. एन्क्लेव के निकट प्राधिकरण की 02 एकड़ जमीन है। इसका अधिकांश हिस्सा खाली है लेकिन कुछ पर अतिक्रमण है। प्राधिकरण इस जमीन पर ग्रुप हाउसिंग और कामर्शियल परियोजना की संभावनाएं तलाश रहा है। प्राधिकरण के प्रभारी मुख्य अभियंता किशन सिंह के मुताबिक शास्त्रीनगर और मेडिकल रोड की जमीनों के लिए नगर आयुक्त के निर्देश पर प्लानिंग शुरू हो गई है। जीडीए की प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीएमयू) इन दोनों ही परियोजनाओं के लिए प्रोजेक्ट तैयार करेगी।

# होलिका दहन और होलिकोत्सव पर शोभायात्रा में शामिल होंगे मुख्यमंत्री योगी



**संवाददाता–गोरखपुर।** गुरु गोरखनाथ की साधना स्थली गोरखपुर में होलियाना माहौल में निकलने वाली दो प्रमुख शोभयात्राओं (होलिका दहन और होलिकोत्सव) में गोरक्षपीठ की सहभागिता होने से गोरखपुर का रंगपर्व दशकों से विशिष्ट बना हुआ है। इन शोभायात्राओं में सामाजिक समरसता और समतामूलक समाज का प्रतिबिंब नजर आता है। इस साल भी 24 मार्च की शाम को पांडेयहाता से निकलने वाली होलिका दहन शोभायात्रा तथा 26 मार्च की सुबह घंटाघर से निकलने वाली भगवान नृसिंह की रंगभरी शोभायात्रा में सीएम योगी के सम्मिलित होने की उम्मीद है। 24 मार्च को निकलेगी भक्त प्रहलाद की शोभायात्रा श्रीश्री होलिका दहन उत्सव समिति के अध्यक्ष विपिन पटवा ने बताया कि पाण्डेहाता से निकाली जाने वाली भक्त प्रहलाद की शोभायात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के मौजूद रहने की संस्तुति मिल चुकी है। गोरक्षपीठाधीश्वर द्वारा 24 मार्च को भक्त प्रहलाद की आरती कर फूल और अबीर गुलाल की होली खेल कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। कालीबाड़ी के महंत रवींद्रदास, सदर सांसद रवि किशन शुक्ला, महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, ग्रामीण विधायक विपिन सिंह ,रामप्रकाश गुप्ता, राहुल गुप्ता आदि उपस्थित रहेंगे। 26 मार्च को निकलेगी भगवान नृसिंह की शोभायात्रा श्री होलीको उत्सव समिति के तत्वाधान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा भगवान नृसिंह की रंगभरी शोभायात्रा 26 मार्च दिन मंगलवार को सुबह 830 बजे घंटाघर से निकाली जाएगी। समिति के अध्यक्ष मनोज जालान ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उद्बोधन, संघ की प्रार्थना और भगवान नृसिंह की आरती के बाद 8 किलोमीटर लंबी शोभायात्रा निकलेगी। 200 किलो अबीरगुलाल, 100 किलो गुलाब की पंखुड़ियां जिन्हें घंटाघर चौक से लेकर के पूरे रास्ते में उड़ाया जाएगा। शोभायात्रा घंटाघर चौक से प्रस्थान करके बंधू सिंह पार्क, मदरसा चौक,लाल डिग्गी, मिर्जापुर, घसी कटरा बाजार, जाफरा बाजार, बेनीगंज, चरण लाल चौक, आर्य नगर, बक्शीपुर नखास होते हुए घंटाघर पर समाप्त होगी।

# होली बाद यात्रियों की वापसी के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

**संवाददाता–गोरखपुर।** होली के बाद वापस अपने काम पर जाने वाले यात्रियों की होने वाली भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने भी तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम ने होली के बाद कई शहरों के लिए रेलवे स्पेशल ट्रेनें चलाएगी जिससे यात्रियों को कोई दिक्कत न हो।

होली पर घर आए लोगों की वापसी के लिए रेलवे ने तैयारी शुरू कर दी। पूर्वोत्तर रेलवे ने होली के बाद 26 से 31 मार्च तक विशेष ट्रेनें संचालित करने की पूरी तैयारी है। लखनऊ से चलने और गुजरने वाली करीब 27 जोड़ी विशेष ट्रेनें हैं, जो होली बाद वापसी करने वालों के लिए आसानी होगी।इस सिलसिले में रेलवे प्रशासन ने ट्रेनों की तारीख के साथ खाली सीटों का ब्यौरा जारी किया है।

रेल यात्री लखनऊ से विशेष ट्रेनों के जरिए दिल्ली, मुंबई, चंडीगढ़, अमृतसर, छपरा, टनकपुर, लालकुआं, सिकंदराबाग, पुणे के बीच सफर कर सकेंगे। विशेष ट्रेनों में खाली सीटों की बुकिंग शुरू हो गई। होली की छुट्टी के बाद 29 से 31 मार्च तक सरकारी और प्राइवेट दफ्तरों में छुट्टी घोषित की गई है। इससे इन तीन दिनों में यात्रियों का ट्रैफिक लोड ट्रेनों में अधिक रहेगा। पूर्वोत्तर रेलवे के सीपीआरओ पंकज सिंह ने बताया कि करीब 27 जोड़ी विशेष ट्रेनें और खाली इन ट्रेनों में करीब 13 हजार सीटें हैं। जानकारी के लिए पूछताछ नंबर 139 मिलाएं।

# विश्व कल्याण के लिये किया 108 हनुमान चालीसा का पाठ



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। सनातन धर्म चेतना चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा श्री गायत्री शक्तिपीठ परिसर में विश्व कल्याण हेतु 108 हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

कार्यक्रम में धर्म रक्षा अभियान के संयोजक राजेश मिश्र ने कहा कि सम्पूर्ण विश्व में सनातन धर्म ही एक मात्र ऐसा धर्म हैं, जो सम्पूर्ण विश्व के मानवता की रक्षा कर सकता है इसलिए सनातन धर्म में शक्ति संचार की अद्भुत व्यवस्था हैं, श्री हनुमान जी सभी प्रकार के संकटों से मुक्ति दिलाने का कार्य करते हैं , इसलिए धर्म रक्षा अभियान में श्री हनुमान चालीसा के 108 पाठ का आयोजन किया गया।

विधि विधान से पूजन संकल्प के साथ अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ। श्री हनुमान जी महाराज रंगोत्सव के महापर्व होली में सभी सनातनी बन्धुओं की सभी संकटों से रक्षा करें इसी संकल्प के साथ पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सभी सहयोगियों ने हर्षोल्लास के साथ अगले आयोजन तक के लिए हनुमान जी से क्षमां प्रार्थना किया।

इसी क्रम में राधेश्याम मिश्र एडवोकेट, राहुल मिश्र, प्रमोद पाण्डेय, अभिषेक, अपर्णा मिश्रा, शैली पाठक, विशाल त्रिपाठी, शिवम् पाण्डेय, जगदम्बिका पाण्डेय , सर्वेष श्रीवास्तव, सौरभ कुमार बोस के साथ अन्य लोगों ने आगामी आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## अदालती नोटिस

सम्मन बरगज इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाप्ता 200 ई0)
dkl & 202217140304147
अदालत– श्रीमान उप जिलाधिकारी (न्यायिक) सदर जिला–बस्ती

अभिषेक कुमार
बनाम
कौशल कुमार आदि

1. कौशल कुमार 2. देवेन्द्र कुमार 3. शैलेन्द्र कुमार पुत्रगण शम्भूशरण पाण्डेय 4. अंजनी कुमार पुत्र ईश्वरशरण 5. शशि पत्नी दिनेश चन्द्र 6. कमलनयन 7. राजीव नयन पुत्रगण सुरेश चन्द्र 8. सत्येन्द्र मोहन 9. धीरेन्द्र मोहन पुत्रगण हरिश्चन्द्र साकिनान पॉऊ तप्पा कनैला परगना नगर पूरव तहसील व जिला–बस्ती 10. नागेन्द्रनाथ पुत्र विश्म्वभरनाथ साकिन भगतपुरा तप्पा चरकैला परगना महुली पश्चिम तहसील व जिला–बस्ती 12. मनीराम 13. धर्मेन्द्र कुमार पुत्रगण हीरालाल साकिनान भिखारीपुर तप्पा चरकैला परगना महुली पश्चिम तहसील व जिला–बस्ती 14. नेबूलाल पुत्र झिनकू ग्राम रमवापुर राजा हाल मुकाम मिर्जापुर तप्पा चरकैला परगना महुली पश्चिम तहसील व जिला–बस्ती 15. किसनावती पत्नी विश्राम साकिन डेल्हवा तप्पा चरकैला परगना महुली पश्चिम तहसील व जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 27–03–2024**

वाजेह हो कि ने आपके नाम एक नालिस बाबत दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 27 माह 03 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन बमुकाम असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमे के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके हाजिरी के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तदलाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन बरगज इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाप्ता 200 ई0)
वाद सं0–31/2024
अदालत– श्रीमान उप जिलाधिकारी भानपुर जिला–बस्ती

उग्रावती उर्फ उमावती
बनाम
सन्तोष आदि

1. सन्तोष पुत्र गजराज 2. विष्णु पुत्र गजराज 3. श्रीमती चन्द्रावती देवी पत्नी गजराज 4. महात्मा उर्फ जोजे पुत्र शिवसरन 5. आत्मा प्रसाद उर्फ खोड़े पुत्र शिवसरन 6. धर्मात्मा उर्फ छठठी लाल पुत्र शिवसरन 7. श्रीमती दर्शना देवी पत्नी ब्रम्हादीन 8. श्रीमती विन्द्रावती पत्नी श्यामलाल साकिनान मौजा परसाकाशी तप्पा उमरा परगना बस्ती पूरव तहसील भानपुर जिला–बस्ती 9. ग्राम पंचायत परसाकाशी द्वारा प्रधान अध्यक्ष भूमि प्रबन्धक समिति परसाकाशी तप्पा उमरा परगना बस्ती पूरव तहसील भानपुर जिला–बस्ती 10. सरकार उ0प्र0 जरिए जिलाधिकारी बस्ती

**तारीख पेशी 02–04–2024**

वाजेह हो कि ने आपके नाम एक नालिस बाबत दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 02 माह 04 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन बमुकाम असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमे के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके हाजिरी के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तदलाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

# अशांति फैलाने वाले 15 लोगों पर कार्रवाई

**संवाददाता–संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने अलग–अलग मामले में 15 आरोपी को पकड़कर उनके खिलाफ अशांति फैलाने के आरोप में कार्रवाई की। बखिरा और महुली थाना पुलिस ने दो–दो, बेलहरकला चार और धनघटा थाना पुलिस ने सात आरोपी को पकड़कर कानूनी कार्रवाई पूर्ण करके संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत कर दिया।

# एसएसबी ने 18 बोटा लकड़ी पकड़ी

**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** एसएसबी सीमा चौकी महादेव बुजुर्ग के गश्ती दल की ओर से शनिवार को शीशम व जामुन की 18 बोटा लकड़ी के साथ तीन लोगों को पकड़ा है। एसएसबी की 50 वीं बटालियन के जवानों ने बसंतपुर गांव के नजदीक तीन व्यक्तियों को शीशम व जामुन की लकड़ी ट्रैक्टर पर लादकर लेकर जाते पकड़ लिया। ट्राली पर 12 बोटा शीशम और छह बोटा जामुन की लकड़ी लोड थी। पकड़े गए लोग कोई कागजात नहीं दिखा सके। सी समवाय एसएसबी महादेव बुजुर्ग की गश्ती दल के उप निरीक्षक नन्द लाल ने बताया कि लकड़ी के साथ बरसाती लाल मौर्य पुत्र बीरबल मौर्य, सनोज मौर्य पुत्र बरसाती लाल मौर्य निवासी रेडवारिया थाना ढेबरुआ, गोबरी निवासी माधवनगर थाना ढेबरुआ को पकड़ कर लकड़ी के साथ फारेस्ट रेंज इटवा को सौंप दिया गया।

# भए प्रगट कृपाला, दीन दयाला, कौशल्या हितकारी



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । वशिष्ठी की नगरी बस्ती धन्य है जहां पुत्रेष्टि यज्ञ से परमात्मा का अवतार हुआ। दशरथ के घर साक्षात पर ब्रम्ह श्री हरि पैदा हुये। जो निर्गुण थे वही भक्तों के प्रेम के कारण सगुण हो गये। दशरथ के पास वशिष्ठ जैसे समर्थ गुरू होने के बाद भी वे निःसन्तान थे, उसका कारण मात्र यही कि उन्होने इच्छा ही प्रकट नहीं किया। जैसे ही दशरथ जी ने इच्छा प्रकट किया श्रृंगीऋषि के मार्ग दर्शन में यज्ञ अनुष्ठान सफल हुआ। धरती पर श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न का जन्म हुआ। चैत्र मास शुक्ल पक्ष और नवमी तिथि को मध्यान्ह में श्रीराम ने धरा पर अवतार लिया। यह सद् विचार कथा व्यास स्वामी रघुबीरदास ने नारायण सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा आयोजित 9 दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा दुबौलिया बाजार के राम विवाह मैदान में चौथे दिन व्यक्त किया।

कथा पाण्डाल में जैसे ही श्रीराम का जन्म हुआ 'भए प्रगट कृपाला, दीन दयाला, कौशल्या हितकारी'' के गान के साथ वातावरण प्रसन्नता से भर गया। श्रद्धालु भक्तों ने फूलों की वर्षा किया और सिया वरराम चन्द्र की गूंज से कथा पाण्डाल गूंज उठा। **विप्र धेनु सुर सन्त हित, लीन्ह मनुज अवतार। निज इच्छा निर्मित तनु माया गुन गो पार।।** के माध्यम से श्रीराम जन्म के कारको की व्याख्या करते हुये महात्मा जी ने कहा कि


## –9दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा

'बिनु पद चलइ सुनइ बिनु काना।कर बिनु करम करइ विधि नाना।। परमात्मा सर्व सर्मथ है। जैसे ही श्रीराम का जन्म हुआ आकाश से देव और गन्धर्वो ने पुष्प वर्षा किया।

महात्मा जी ने कहा कि ईश्वर दर्शन होने के बाद तो वेद भी विस्मृत हो जाते हैं। राम के बिना आराम नहीं है। धर्म का फल है शान्ति, चन्दन और पुष्प से श्रीराम की सेवा करना अच्छी बात है किन्तु उनकी मर्यादा का पालन तो सर्वोत्तम सेवा है। श्रीराम का जीवन तो ऐसा पवित्र है कि उनका स्मरणमात्र से हम पवित्र हो जाते है। श्रीराम की मातृ पितृ भक्ति अलौकिक है।

श्रीराम कथा के चौथे दिन कथा व्यास का विधि विधान से मुख्य यजमान संजीव सिंह ने पूजन किया। आयोजक बाबूराम सिंह, अनिल सिंह, सौरभ शास्त्री, डा. कृष्ण प्रसाद मिश्र, पतरू सिंह, जगदम्बा प्रसाद पाण्डेय, नन्दकिशोर पाण्डेय, सत्यनरायन द्विवेदी, अरूण सिंह, अजय सिंह, नीरज गुप्ता, मनोज गुप्ता, अनूप सिंह, जसवंत सिंह, चन्द्रभान गुप्ता, नीरज गुप्ता, हर्षित सिंह, आदित्य प्रताप सिंह, गणेश तिवारी, सुनील सिंह, रामू, राधेश्याम, विभा सिंह, इन्द्रपरी सिंह, दीक्षा सिंह, श्रद्धा सिंह, सोनू सिंह, शीला सिंह, महिमा सिंह, रागिनी सिंह के साथ ही बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक श्रीराम कथा में शामिल रहे।

# मार्ग दुर्घटना में हैंसर-धनघटा नगर पंचायत अध्यक्ष समेत छह घायल



**संवाददाता–संतकबीरनगर।** संतकबीरनगर जिले के हैंसर–धनघटा नगर पंचायत अध्यक्ष का परिवार शुक्रवार की रात मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया। नगर पंचायत अध्यक्ष समेत छह लोग घायल हो गए। ये लोग हैसर बाजार हशेश्वर नाथ मंदिर का दर्शन करने जा रहे थे। आसपास के लोगों के सहयोग से सभी को वाहन से बाहर निकाल सीएचसी भेज गया। उनकी जेठानी की हालत गंभीर देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अन्य का स्थानीय स्तर पर इलाज किया गया। दुर्घटना धनघटा थाना क्षेत्र के राम जानकी मार्ग पर मलौली के पास हुई।

हैंसर बाजार नगर पंचायत अध्यक्ष रिंकू मणी अपनी जेठानी भनामती पत्नी चंद्रशेखर एवं बच्चे अभिषेक, अविनाश, अभिनव व दिव्या के साथ शुक्रवार की रात हशेश्वर नाथ मंदिर हैसर बाजार दर्शन करने जा रही थीं। अभी सभी लोग मलौली के पास पहुंची थी कि सामने से आ रही तेज गति की ट्रक ने अनियंत्रित होकर उनके वाहन में ठोकर मार दी, जिससे उनकी कार सड़क के किनारे जाकर पलट गई। कार में बैठी नगर पंचायत अध्यक्ष रिंकू मणि उनकी जेठानी व चार बच्चे घायल हो गए। आसपास के लोगों ने चीख पुकार सुनकर घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला तथा सीएचसी हैंसर पहुंचाया। वहां जेठानी भानमती की तबीयत बिगड़ने के कारण उन्हें जिला अस्पताल के लिए भेज दिया गया। अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। स्थिति सामान्य बताई जा रही है। जिला अस्पताल में उपचार के बाद भानमती को भी वापस घर भेज दिया गया।

## अदालती नोटिस

विपक्षी व्यक्ति के नाम नोटिस
(धारा–63 अनुसूची–5 प्रपत्र सं0–1)
न्यायालय– श्रीमान प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय बस्ती जिला–बस्ती
परिवाद सं0 19/11/2024
थाना–मुण्डेरवा
जिला–बस्ती

विनीता देवी
बनाम
राम प्रकाश

**तारीख पेशी 29–04–2024**
**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 125 जा0फौ0**

विपक्षी–राम प्रकाश पुत्र भीमशंकर ग्राम गूदी पोस्ट रामपुर रेवटी थाना मुण्डेरवा जिला बस्ती

विपक्षी के नाम

चूंकि आपकी उपस्थिति 125 सी. आर.पी.सी. के अपराध का उत्तर देने के लिए आवश्यक है अतएव आपको एतत द्वारा आदेश दिया जाता है कि स्वयं/अधिवक्ता द्वारा उपयुक्त न्यायालय के समक्ष सन् 2024 ई0 के 04 मास के 29 दिवस को उपस्थित हो। ऐसा करने में त्रुटि न हो।

सन् 20 ई0 मास के दिवस को हस्ताक्षरित हो।

हस्ताक्षर
प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय बस्ती

## अदालती नोटिस

विपक्षी व्यक्ति के नाम नोटिस
(धारा–63 अनुसूची–5 प्रपत्र सं0–1)
न्यायालय– श्रीमान प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय बस्ती जिला–बस्ती
भरण पोषण वाद सं0 442/11/2023
थाना–कलवारी
जिला–बस्ती

अनुष्का देवी आदि
बनाम
सनोज साहू

**तारीख पेशी 30–04–2024**
**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 125 जा0फौ0**

विपक्षी–सनोज साहू पुत्र रामपाल साकिन कुरियार थाना मुण्डेरवा जिला बस्ती

विपक्षी के नाम

चूंकि आपकी उपस्थिति 125 सी. आर.पी.सी. के अपराध का उत्तर देने के लिए आवश्यक है अतएव आपको एतत द्वारा आदेश दिया जाता है कि स्वयं/अधिवक्ता द्वारा उपयुक्त न्यायालय के समक्ष सन् 2024 ई0 के 04 मास के 30 दिवस को उपस्थित हो। ऐसा करने में त्रुटि न हो।

सन् 20 ई0 मास के दिवस को हस्ताक्षरित हो।

हस्ताक्षर
प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय बस्ती

**दैनिक भारतीय बस्ती**

**स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।**
**सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय**

प्रबन्ध सम्पादक–**दिनेश सिंह**
संयुक्त सम्पादक–**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**

**अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय–**
चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद
**लखनऊ कार्यालय–**
आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।
**गोरखपुर कार्यालय–**
इलाहीबाग गोरखपुर।
मो09450567450 9336715406,
ई.मेल**bhartiyabasti@yahoo.com**
**bhartiyabasti@gmail.com**